**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Request to give approval for the establishment of Guru Teg Bahadur Sahab Handicraft Institute in Sathiyala, Amritsar.

**श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब):** धन्यवाद स्पीकर सर, पंजाब अपने आर्टिसेंस के लिए बहुत मशहूर है । अमृतसर में गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी है, जिसने एक प्रपोजल भेजी है कि आज गुरु तेग बहादुर साहब के 400 वर्षों पर उनको समर्पित करते हुए उनके नाम पर एक हैंडीक्राफ्ट इंस्टीट्यूट खोला जाए, जिसकी जमीन और बिल्डिंग यूनिवर्सिटी बनाकर देगी । उन्होंने इसके लिए पहले से ही प्रपोजल बनाकर रखा हुआ है । मैं हमारी पूर्व टेक्सटाइल मिनिस्टर श्रीमती स्मृति ईरानी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने इस प्रपोजल को माना था और डायरेक्टर, हैंडीक्राफ्ट की ड्यूटी लगाकर कमेटी बनाई थी । चूंकि उनका मंत्रालय बदल गया है और आज दर्शना जी बैठी हुई हैं । मैं उनसे यह निवेदन करता हूं कि कृपा करके इन हैंडीक्राफ्ट्स को आगे बढ़ाने के लिए तथा बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए आप हमारा गुरु तेग बहादुर साहब हैंडीक्राफ्ट इंस्टीट्यूट, जो सठियाला में बनना है, उसे अप्रूवल देने की कृपा करें । उस पर ज्यादा व्यय नहीं होगा, क्योंकि जमीन तथा अन्य आवश्यक सभी चीजें हम स्वयं देंगे । धन्यवाद ।